# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 25 फाल्गुन, 1939 (श0) / 16 मार्च, 2018 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 129**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 32 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 64 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 11 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 16 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 03 |
| | | कुल योग — | 129 |

जागरूकता अभियान चलाना

'क'-*1002. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य संबंधी हानिकारक पदार्थों की जानकारी के लिये बड़े स्तर पर मीडिया, टेलीविजन एवं रेडियो के माध्यम से लोगों के बीच में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हानिकारक वस्तुओं पर वैधानिक चेतावनी में माइक्रोस्कोपिक अक्षरों में लिखे जाने के कारण 90 प्रतिशत लोगों को बात समझ में ही नहीं आती है तथा टेलीविजन पर जल्दी बोलने से 95 प्रतिशत लोगों को बात समझ में नहीं आती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हानिकारक वस्तुओं पर वैधानिक चेतावनी में माइक्रोस्कोपिक अक्षरों के स्थान पर बड़े अक्षरों का प्रयोग एवं टेलीविजन में जल्दी-जल्दी बोलने के बजाय धीरे-धीरे शब्दों को बोलकर लोगों में जागरूकता अभियान चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार

*1467. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के ग्राम-नवलपुर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्वासित करना

*1468. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2007-08 में गंगा नदी के कटाव से चौक चामा, रामायणपुर के लगभग 25 विस्थापित परिवार चौक चामा सड़क के किनारे रहने को विवश हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाना

*1469. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनों प्रखंड के रक्तरोहनिया एवं विजैया गाँव की आबादी लगभग 2 हजार की है जहाँ स्वास्थ्य उप-केन्द्र की व्यवस्था आजतक नहीं है जिससे वहाँ के गरीब ग्रामीणों को इलाज कराने हेतु 10 कि0मी0 की दूरी पर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 12 मार्च, 2018 को सदन द्वारा स्थगित ।

सौन्दर्यीकरण करना

*1470. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के औराही पश्चिम पंचायत में पड़ने वाली रानी पोखर नाम से विख्यात स्थल का सौन्दर्यीकरण नहीं होने से उसकी सुन्दरता दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है जबकि रानी पोखर का कुल भू-भाग दस एकड़ से भी ज्यादा में फैला हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विश्व विख्यात साहित्यकार फनीश्वरनाथ रेणू का यह गृह क्षेत्र होने से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रानी पोखर के सौन्दर्यीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रॉमा सेंटर खोलना

*1471. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया पुलिस जिला अन्तर्गत एन0 एच0 31 नवगछिया में ट्रॉमा सेंटर नहीं रहने से उक्त क्षेत्र में होने वाले दुर्घटनाओं के मरीजों को उपचार हेतु भागलपुर ले जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार एन0 एच0 31 नवगछिया में ट्रॉमा सेंटर खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्मिलित करना

*1472. श्री जयवर्द्धन यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आपदा प्रबंधन विभाग के अधिसूचना संख्या 1/प्रा0आर0-0-3-31/14-1418, दिनांक 17 अप्रील, 2015 के द्वारा नदी, तालाब, गड्ढों के साथ-साथ आहर में डूब जाने से होने वाली मृत्यु को आपदा की श्रेणी में रखा गया है, परन्तु नहरों में डूबने से होने वाली मृत्यु को आपदा की श्रेणी में जोड़ने का प्रावधान सरकार के पास लम्बित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नहरों में डूबने से होने वाली मृत्यु को आपदा की श्रेणी में सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् की आपूर्ति

*1473. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विद्युत् प्रमंडल (समस्तीपुर) के अधीन पूसा फीडर से जिन उपभोक्ताओं को विद्युत् आपूर्ति की जा रही है वहाँ हमेशा लो-वोल्टेज की समस्या रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लो-वोल्टेज के कारण उपभोक्ताओं को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूसा फीडर से जिन उपभोक्ताओं को विद्युत् आपूर्ति की जाती है उन्हें निर्बाध विद्युत् आपूर्ति करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोल एवं तार लगाना

*1474. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत धमदाहा प्रखण्ड अधीन बरदेला पंचायत के चिकनी, रामसिंह टोला में विद्युत् आपूर्ति हेतु पोल, तार, ट्रांसफॉर्मर आदि की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चिकनी, रामसिंह टोला में विद्युत् आपूर्ति हेतु तत्काल पोल, तार, ट्रांसफॉर्मर आदि की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सहायता राशि देना

*1475. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2017 में आयी बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित हुये हैं, परंतु उक्त बाढ़ पीड़ित परिवारों को अभीतक सहायता राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त विधान सभा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित परिवारों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1476. श्री (डॉ0) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखण्ड के चिताब खुर्द एवं आकौना में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र कार्यरत है, जिसका अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन नहीं रहने से मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पावर सब-स्टेशन बनाना

*1477. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2016 में यह निर्णय लिया है कि राज्य के बड़े प्रखण्डों में एक से अधिक पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत 27 पंचायत एवं चार लाख से ऊपर की आबादी है, जिसमें मात्र एक सिरसिया बाजार में पावर सब-स्टेशन स्थापित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत नरंगा एवं परवाहा में नया पावर सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*1478. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, सरकारी वकील एवं सहायक सरकारी वकीलों की नियुक्ति अवधि समाप्ति के पश्चात् नई नियुक्ति होने तक विधि (न्याय) विभाग के ज्ञापांक 5481, दिनांक 16 दिसम्बर, 1999 (प्रति संलग्न) में अंकित विधि विभाग के पत्रांक 1110, दिनांक 19 मार्च, 1994 एवं पत्रांक 3075, दिनांक 9 जुलाई, 1994 के अनुसार अपने-अपने पदों पर कार्यरत रहेंगे तथा वैसी स्थिति में उनके द्वारा किये गये कार्यों का पारिश्रमिक का भुगतान नियमानुकूल नई नियुक्ति देने तक भुगतेय होगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित प्रावधानों के विपरीत राज्य के जिलों में उपर्युक्त अंकित अधिवक्ताओं द्वारा किये जा रहे कार्यों का पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिलों में कार्य कर रहे उपर्युक्त अधिवक्ताओं को पारिश्रमिक का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना का लाभ देना

*1479. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य योजना के तहत 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों का इलाज फ्री में करने का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के लालगंज प्रखंड के रेफरल अस्पताल, लालगंज सहित पूरे राज्य में उक्त योजना केवल कागज पर ही चल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त योजना का लाभ 3 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों को देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् की आपूर्ति

*1480. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड एवं श्रीनगर प्रखण्ड में विगत 5 वर्षों से बिजली की आपूर्ति शाम 9 बजे से किया जाता है जिससे उक्त प्रखंडों के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में शाम 5 बजे से विद्युत् की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण कराना

*1481. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखण्ड के रकसिया, महमन्ना, लाव, गंगासागर, भवनपुर, शाहवारा, उर विशुनपुर, अमरपुर, रूपसपुर, कुल्लुपुर, मलवारी, खनेट्, टेपा, पलुहड्, इगूना, खैरा एवं शाहगंज गाँवों में स्वास्थ्य उप-केन्द्र अवस्थित हैं जो भवनहीन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्रों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*1482. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, पड़रिया के ग्राम-मैना, वार्ड नं० 2 में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण हेतु पाँच वर्षों से जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने के कारण गरीबों को स्वास्थ्य सुविधा हेतु लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में उपलब्ध जमीन पर स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराकर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सीय सुविधा देना

*1483. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित महारानी जानकी कुंअर अस्पताल, बेतिया सदर में एक से दो दिन के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य लाभ हेतु न्यू बर्न इन्टेनसीभ केयर यूनिट का उद्घाटन 12 दिसम्बर, 2017 को माननीय मुख्यमंत्री ने समीक्षा यात्रा के दौरान किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 12 दिसम्बर, 2017 से 27 दिसम्बर, 2017 के बीच उक्त यूनिट में 39 बच्चे भर्ती हुये जिसमें 1 की मौत तथा 9 को पटना रेफर कर दिया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त यूनिट में बच्चों की बेहतर चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना का लाभ देना

*1484. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना पूरे बिहार में लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला में उक्त योजना वर्ष 2016 से बंद है और इसका लाभ किसी को नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त योजना का लाभ अररिया जिलावासी को मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् की आपूर्ति

*1485. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के कैरी, बीरपुर पंचायत के बच्चा डोरिया गाँव को बहादुरगंज पावर सब-स्टेशन से विद्युत् आपूर्ति की जाती है जो कि 15 कि०मी० की दूरी पर है जबकि बच्चा डोरिया गाँव के एक कि०मी० की दूरी पर बिशनपुर कन्हैयाबाड़ी पावर सब-स्टेशन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बच्चा डोरिया गाँव को बिशनपुर कन्हैयाबाड़ी पावर सब-स्टेशन से विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कृषि फीडर का कार्य कराना

*1486. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला सहित पूरे राज्य में कृषि फीडर अलग करने हेतु सरकार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नबीनगर विधान सभा क्षेत्र में कृषि फीडर अलग करने का कार्य प्रारंभ किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवीनगर विधान सभा क्षेत्र में कबतक कृषि फीडर का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मातृत्व मृत्यु में कमी लाना

*1487. श्री नितिन नवीन--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 जून, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''बिहार को मातृत्व मौत का कलंक धोना ही होगा'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रतिवर्ष सैकड़ों महिलाएँ सरकारी अस्पतालों में ससमय सुरक्षित एवं समुचित प्रसव की सुविधा उपलब्ध न होने की वजह से बेवक्त मौत की शिकार हो रही हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य के सरकारी अस्पतालों में महिलाओं के प्रसव की ससमय सुरक्षित एवं समुचित व्यवस्था कराकर मातृत्व मृत्यु में कमी लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण करना

*1488. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत राजापाकड़ प्रखण्ड के बेरई पंचायत अन्तर्गत दामोदरपुर महादलित टोला एवं मोजपट्टी नया टोला में अभीतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोलों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1489. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बोचहा विधान सभा का सम्पूर्ण क्षेत्र कृषि आधारित प्रक्षेत्र है, जहाँ किसानों को कृषि कार्य हेतु विद्युत् आपूर्ति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि माननीय मुख्यमंत्री के सात निश्चय में विद्युत् आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-द्वारिकानगर में विद्युत् उप-शक्ति केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करना

*1490. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के ग्राम करहनु में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर होने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक 2 वर्षों से नहीं आते हैं, जिससे रोगियों का इलाज कराने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन का निर्माण एवं चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*1491. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत महनार में बाबा गणिनाथ की मंदिर तथा सूफी संत खाकी बाबा की मजार है, जहाँ देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन, माथा टेकने आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*1492. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड में बेनीजलालपुर ग्राम पंचायत के बेनीग्राम में तैयब रौशन अली चिराग की मजार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य, जिला एवं राज्य स्तर के पर्यटक उक्त मजार पर चादर चढ़ाने आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मजार को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार

*1493. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के स्वास्थ्य केन्द्र वसंतपुर के भवन का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2015-16 में कराया गया था जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराये जाने के कारण भवन के छत से पानी टपकता है तथा भवन की स्थिति जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*1494. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के सिरकोना ग्राम पंचायत के सिरकोना में कल्याणी मंदिर एवं कल्याणी घाट अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के अवसर पर मेला का आयोजन होता है एवं देश-विदेश के पर्यटक कल्याणी घाट में स्नान कर कल्याणी मंदिर में जलाभिषेक करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिरकोना में स्थित कल्याणी घाट एवं कल्याणी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उम्र सीमा बढ़ाना

*1495. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अनुबंध पर नियुक्ति हेतु चिकित्सकों की अधिकतम उम्र सीमा 37 वर्ष निर्धारित की गयी है जबकि स्थायी चिकित्सकों की सेवानिवृति के उपरांत अनुबंध पर कार्य करने की अधिकतम उम्र सीमा 69 वर्ष तक निर्धारित की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुबंध कर नियुक्ति हेतु चिकित्सकों की अधिकतम उम्र सीमा को 37 से बढ़ाकर 50 वर्ष करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण कराना

*1496. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखंड पंचायत मझवलिया के ग्राम-नेहरूआ काला में स्वास्थ्य उप-केन्द्र किराये के मकान में चलता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*1497. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत इस्लामपुर नगर पंचायत वैदिक काल से एक धार्मिक स्थल है, जहाँ दिल्ली दरबार, 53 द्वारा 52 कोठी, अयोध्या ठाकुरबाड़ी, प्राचीन सूर्यमंदिर, जैन धर्म का दिगम्बर जैन मंदिर बड़ी संगत, इस्लाम धर्म का प्रसिद्ध मजार एवं अन्य दर्शनीय स्थल है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस्लामपुर नगर पंचायत को पर्यटक स्थल के रूप में कबतक विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1498. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के ग्राम-भमरूपुर, वार्ड नं० 10, पासवान टोला, ग्राम-चकअब्दुलगनी, ग्राम-नारायणपुर टड़िया के पासवान टोली, हकिमाबाद एवं मोरदीवा ग्रामों में अभीतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानान्तरण करना

*1499. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरमसिया से शिवाजी कॉलोनी, हाजीपुर होकर 33 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार घनी आबादी के ऊपर से होकर गुजरती है, जिससे आये दिन अप्रिय घटनाएँ होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल से 33 हजार हाई वोल्ट का हाईटेंशन तार को हटाकर अन्यत्र स्थानान्तरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शिक्षण संस्थान खोलना

*1500. डॉ० मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड्गपुर अनुमंडल में ए०एन०एम० शिक्षण संस्थान खोलने का निर्णय वित्तीय वर्ष 2016-17 में लिया गया है, किन्तु अभीतक उक्त संस्था खोलने के सम्बन्ध में कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अविलम्ब उक्त ए०एन०एम० शिक्षण संस्थान खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पावर सब-स्टेशन स्थापित करना

*1501. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के नरहरपुर, रामपुर, रसुलपुर, हथिसार, गौड़ा, सलिमापुर, अगहरा पंचायतों में मढ़ौरा पावर सब-स्टेशन से विद्युत् आपूर्ति की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी पंचायतों से मढ़ौरा पावर सब-स्टेशन की दूरी 15-20 कि०मी० है जिससे विद्युत् की आपूर्ति बाधित रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी पंचायतों के लिये अलग से पावर सब-स्टेशन स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

1

न्यायालय कार्यरत करना

*1502. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का भवन 2016-17 में बनकर तैयार हो चुका है, जिसमें न्यायालय के संचालन हेतु सभी सुविधाएँ उपलब्ध है परन्तु अभीतक न्यायालय को कार्यरत नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त न्यायालय को कार्यरत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य शुरू कराना

*1503. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में सीवान जिला के महराजगंज में अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना की गयी है, परन्तु अभीतक अनुमंडलीय न्यायालय का उद्घाटन नहीं किया गया है, जबकि न्यायालय में दो कर्मचारी कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुमंडलीय न्यायालय का उद्घाटन कर न्यायालय से संबंधित कार्य शुरू कराने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्ति करना

*1504. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि हाजीपुर सदर अस्पताल में साढ़े चार वर्ष पूर्व कार्डियों केयर यूनिट स्थापित किया गया था जिसमें लाखों रुपये खर्च हुये हैं, लेकिन आजतक उक्त यूनिट के लिये विशेषज्ञ डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी प्रतिनियुक्त नहीं किये गये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सदर अस्पताल में उक्त यूनिट के लिये विशेषज्ञ डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी को प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

तार एवं पोल बदलना

*1505. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड के ग्राम मूरहन में 40 वर्ष पूर्व से लकड़ी के पोल एवं तार से विद्युत् आपूर्ति किया जा रहा है जो कि जर्जर है जिसके कारण वहाँ के ग्रामीणों में दुर्घटना का भय व्याप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में जर्जर विद्युत् तार एवं पोल को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिकायत का निपटारा करना

*1506. श्री संजय सरावगी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 जनवरी, 2018 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''शिकायत निपटारे में राष्ट्रीय औसत से पीछे बिहार'' को समाचार को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिसम्बर, 2017 में बिहार में 12399 लोगों ने विद्युत् आपूर्ति से सम्बन्धित शिकायत की, जिसमें से 4409 शिकायतों का निपटारा नहीं हो सका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बिहार में विद्युत् आपूर्ति सम्बन्धित शिकायतों के शत-प्रतिशत निपटारे के लिए कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलना

*1507. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत दियारा क्षेत्र अकिलपुर पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने के कारण मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अकिलपुर पंचायत के अकिलपुर में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली देना

*1508. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर एवं रोहतास जिले के पहाड़पुर पर बसे बनवासी आदिवासी को आजादी के 70 साल बाद भी स्थाई तौर पर बिजली की सुविधा नहीं दी गई है, कैमूर के 109 गाँव, रोहतास जिला के 120 गाँव आजतक अंधेरे में है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार स्थाई तौर पर इन बनवासी आदिवासियों को बिजली देने का विचार रखती है, हाँ, तो, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल एवं तार लगाना

*1509. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड के गुरारू बाजार में जो बिजली के तार एवं पोल लगे हुए हैं वो काफी जर्जर है एवं हमेशा तार टूट कर गिर जाता है, जिस कारण छोटी-मोटी दुर्घटनाएँ भी घट चुकी हैं एवं कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गुरारू बाजार में लगे जर्जर पोल एवं तार के स्थान पर नये पोल एवं तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1510. श्री विजय कुमार विजय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित सदर अस्पताल, मुंगेर का पुरुष वार्ड एवं महिला वार्ड जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्ड का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*1511. श्री विजय कुमार विजय--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला में धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल शक्तिपीठ चण्डी स्थान एवं सीताकुण्ड स्थित है जहाँ हजारों श्रद्धालु आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों को पर्यटन स्थल घोषित कर इसका जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*1512. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत सिंगीयाही पंचायत के ग्राम सिंगीयाही में एनरगो कम्पनी द्वारा विगत 1 वर्ष पूर्व सिर्फ पोल गाड़कर छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में विद्युतीकरण का कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ड्रेसर का पदस्थापन

*1513. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ड्रेसर का एक पद स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में विगत 5 वर्षों से ड्रेसर का पद रिक्त होने से रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में ड्रेसर का पदस्थापन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार बदलना

*1514. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन पावर सब-स्टेशन से लेकर मंगलपुर बाजार तक का 11000 वोल्ट का तार काफी जर्जर हो गया है, जिससे बार-बार टूटने से विद्युत् प्रवाह बाधित होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान के जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1515. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के बाराचट्टी प्रखण्ड के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये एक महिला चिकित्सक का पद सृजित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक का पद 5 वर्षों से रिक्त है, जिसके कारण महिला रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्त कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण कराना

*1516. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया अनुमंडल में विद्युतीकरण का कार्य इनर्गो कम्पनी द्वारा किया जा रहा था, जिसे हटाकर उक्त अनुमंडल में विद्युतीकरण का कार्य विक्रांत कम्पनी द्वारा अप्रील, 2017 से किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इनर्गो कम्पनी द्वारा नवगछिया अनुमंडल के नारायणपुर प्रखण्ड के बैकठपुर, दुधैला, खरीक के लोकमानपुर, बिहपुर प्रखण्ड के झंडापुर एवं हरियो, इस्माईलपुर प्रखण्ड के पश्चिमी भिट्ठा में आधा-अधूरा विद्युतीकरण का कार्य कर छोड़ दिया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में किये गये विद्युतीकरण के आधे-अधूरे कार्य को विक्रांत कम्पनी से शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डॉक्टर पदस्थापित करना

*1517. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बीरपुर प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में केवल दो डॉक्टर (एक स्थायी और एक अनुबंध) पर पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी महिला डॉक्टर पदस्थापित नहीं है, जिससे महिला मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र की स्थापना करना

*1518. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सरायरंजन प्रखण्ड के दक्षिणी छोर, मुसापुर, मणिकपुर, गंगसारा, खजुरी, धर्मपुर पंचायत की आबादी 60 (साठ) हजार है लेकिन उक्त आबादी के लिये स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धर्मपुर पंचायत के मणिका ग्राम में 11 अक्टूबर, 2011 को 20 डिसमील जमीन थाना नं० 320, तौजी 3963, महामहिम राज्यपाल के नाम स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने हेतु निबंधित किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मणिका ग्राम के उक्त भूमि पर भवन का निर्माण कराकर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन उपलब्ध कराना

*1519. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण की योजना वर्ष 2015-16 से प्रस्तावित है तथा इसके लिये राशि भी आवंटित कर दिया गया है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण इसका निर्माण अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये जमीन कबतक उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विभाग को हस्तातंरण

*1520. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के परमानंदपुर पंचायत के ग्राम हिंगना में एम०एम०डी०पी० योजना के तहत स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कार्य वर्ष 2010-11 में प्रारंभ हुआ था, परंतु अभीतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जर्जर तार बदलना

*1521. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखंड अन्तर्गत बाँकी ग्राम में 440 वोल्ट का तार 40 वर्ष पहले लगा था, उक्त तार जर्जर हो चुका है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बाँकी ग्राम के जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मानदेय का भुगतान

*1522. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार द्वारा ''आशा मानदेय अध्ययन समिति'' का गठन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आशा कार्यकर्ताओं को मानदेय राशि, प्रोत्साहन राशि आदि का नियमित भुगतान नहीं होने से उन्हें काफी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आशा कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युती कार्य कराना

*1523. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत बछारपुर पंचायत के 200 घरों की आबादी वाला पिथरिया टोल एवं 50 घरों की आबादी वाला बिरौली चौक पर तथा गंगटी पंचायत के रामपुर गाँव के 50 घरों की आबादी वाला कब्रिस्तान टोल पूर्ण रूप से बिजली से वंचित रहने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर कबतक विद्युतीकरण का कार्य कराने का का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*1524. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में 2017 में भयंकर बाढ़ आने के कारण नवहट्टा, महिषी, सिमरी बख्तियारपुर तथा सलखुआ प्रखंडों में बाढ़पीड़ितों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, उनकी परेशानी को देखते हुये सरकार ने रिलीफ देने का निर्णय लिया था, परन्तु अबतक नवहट्टा में 4,256, महिषी में 6,345, सिमरी बख्तियारपुर में 3,542 तथा सलखुआ में 4,581 बाढ़पीड़ितों को रिलीफ की राशि नहीं मिली है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये छूटे हुये बाढ़ पीड़ित परिवारों का सर्वेक्षण कराकर राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य कराना

*1525. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि योजना एवं विकास विभाग में 2012 से 2014 के बीच बिहार में सही आँकड़ा का आकलन, कृषि गणना एवं शिक्षकों द्वारा किये जाने वाले गैर-शैक्षणिक कार्य से शिक्षकों को मुक्ति के लिये पात्रता परीक्षा लेकर सांख्यिकी स्वयंसेवक (ए०एस०वाई०) को सरकार द्वारा नियुक्त किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी वर्तमान में बिहार में किसी भी तरह का आँकड़ा का आकलन कृषि गणना का कार्य निजी एन०जी०ओ० से कराया जाता है जो कि आँकड़ों का सही आकलन नहीं कर पाते हैं, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित कार्य सांख्यिकी स्वयंसेवक से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सूर्य सर्किट से जोड़ना

*1526. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड के औंगारी धाम का महत्व वैदिककाल से ही है एवं वर्तमान में छठ पर्व में अर्घ्य देने के लिये राज्य के कोने-कोने से लोग पहुँचते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार औंगारी धाम को बड़गाँव के तर्ज पर सूर्य सर्किट से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*1527. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, छाजन, हरिशंकर में भवन नहीं रहने से निजी मकान में चलता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री विश्वनाथ प्रसाद सिंह 35 डीसमील जमीन स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु महामहिम राज्यपाल के नाम से दान में दिया है जिसका खाता नं० 966 और खेसरा सं० 13788 है ;

(3) क्या यह बात सही है सिविल सर्जन सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, मुजफ्फरपुर ने पत्रांक 891, दिनांक 19 दिसम्बर, 2013 द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने के लिये राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध स्वास्थ्य विभाग से किया गया था, परन्तु आजतक जमीन रहते हुये भवन बनाने के लिये राशि उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, क्या सरकार उक्त भूमि पर स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करना

*1528. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के कोसी दियारा के पंचायत गढ़गाँव के गढ़गाँव एवं भवानीपुर में वित्तीय वर्ष 2007-08 में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी, परंतु अभीतक प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सामग्री की आपूर्ति करना

*1529. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, परसौनी में सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, सीतामढ़ी के कार्यालयादेश पत्रांक 797 (डी०एच०एस०), दिनांक 23 अगस्त, 2016 के आलोक में मिश्रा सर्विस, गढ़ा, रून्नीसैदपुर, सीतामढ़ी द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2016 से मरीजों के खान-पान हेतु पथ्य आपूर्ति सेवा का कार्य प्रारंभ किया गया है, परंतु उक्त एजेंसी द्वारा 6 माह से उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में खान-पान हेतु पथ्य आपूर्ति सेवा बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में खान-पान हेतु पथ्य आपूर्ति सेवा को पुनः चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*1530. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल, भागलपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिरजानहाट (मोहदीपुर) का चहारदीवारी जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के चहारदीवारी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जीर्णोद्धार कराना

*1531. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखण्ड के महेशपुर पंचायत के महेशपुर में स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के जीर्ण-शीर्ण भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*1532. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला में 114 (एक सौ चौदह) चिकित्सक के स्वीकृत पद पर के विरुद्ध मात्र 45 (पैंतालीस) चिकित्सक ही कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिला में स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सकों को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

एम्बुलेंस की व्यवस्था

*1533. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोठिया में महिला वार्ड, ओ०पी०डी० कक्ष एवं एम्बुलेंस नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन 300 मरीज इलाज कराने आते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला वार्ड, ओ०पी०डी० एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## तार एवं पोल बदलना

*1534. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंड अन्तर्गत दुर्गाडीह ग्राम में समत गोसाई के पास 6 वर्ष पूर्व में स्थापित ट्रांसफॉर्मर से विद्युतापूर्ति हेतु 440 वोल्ट के लगे तार एवं पोल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण उपभोक्ताओं को विद्युतापूर्ति अक्सर बाधित होते रहती है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान के जर्जर तार एवं पोल को बदलकर विद्युतापूर्ति सुचारू रूप से बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## भवन का निर्माण

*1535. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट प्रखंड अंतर्गत हायाघाट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित किया गया है, परंतु अभीतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अनुरूप भवन का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## सहायता राशि देना

*1536. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड-करगहर के श्री हीरालाल सिंह, पिता-दरश नारायण सिंह, ग्राम-खनेठी की मृत्यु दिनांक 13 अगस्त, 2017 को पानी में डूबने से एवं श्री कन्हैया सिंह, पिता-श्री सत्यदेव सिंह, ग्राम-भोखरी की मृत्यु दिनांक 25 जनवरी, 2018 को सड़क दुर्घटना में हुई थी, परंतु उक्त मृतक के परिवार को अभीतक सहायता राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के परिवार को सहायता राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## विभाग को हस्तांतरण

*1537. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र, भरगाँवा का निर्माण कार्य वर्ष 2010-11 में प्रारंभ हुआ जो अभीतक अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भवन को पूर्ण रूप से तैयार कर कबतक स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

*1538. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्र संख्या 09/आ० 01-68/2004-1065, (9), दिनांक 18 सितम्बर, 2008 द्वारा डॉ० नरेन्द्र नारायण राय, सिनियर रेजिडेंट, हड्डी रोग विभाग को अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गया में पदस्थापित स्थान से सात वर्षों तक लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहकर विदेश में सेवा देने एवं विभागीय आदेश की अवहेलना करने के लिये संचालित विभागीय कार्यवाही में आरोप प्रमाणित होने के उपरान्त उनकों सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था परन्तु विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से डॉ० राय के गलत शपथ-पत्र के आधार पर उनकी अनुपस्थिति अवधि का पूर्ण वेतन मद की राशि का भुगतान विभाग द्वारा कर दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

----------

बिजली पोल हटाना

*1539. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ शहर में लाइन बाजार चौक से रजनी चौक तक सड़क के बीच में अनेक स्थानों पर बिजली का पोल लगा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क शहर के व्यस्ततम सड़क में से एक है और पोल की वजह से रात्रि में हमेशा सड़क दुर्घटनायें होती रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क के बीच से बिजली पोल हटाकर सड़क के किनारे में करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सहायता राशि देना

*1540. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के राढ़ी दक्षिणी पंचायत के बिहारी गाँव निवासी श्री राम कुमार झा के पुत्र श्री रोहित कुमार झा (उम्र 32 वर्ष) की मृत्यु मोटरसाइकिल दुर्घटना में दिनांक 8 जुलाई, 2017 को हो गई थी तथा इस संबंध में श्री राम कुमार झा द्वारा अपना बयान दिनांक 9 जुलाई, 2017 को पी०एम०सी०एच०, पटना में पुलिस पदाधिकारी के समक्ष दर्ज कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहित कुमार झा के साथ उसी मोटरसाइकिल पर दुर्घटनाग्रस्त इसी गाँव के श्री अरूण झा के पुत्र निगम चन्द्र झा की मौत दिनांक 12 जुलाई, 2017 को इलाज के दौरान मुजफ्फरपुर के ग्लोकल हेल्थकेयर हॉस्पीटल में हो गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों मृतक के परिजन को अभीतक आपदा राहत कोष से 4-4 लाख की राशि नहीं दी गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों मृतक के परिवार को 4-4 लाख आपदा सहायता राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

विकसित करना

*1541. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा प्रखण्ड अन्तर्गत मढ़िया ग्राम में भगवान शिव का भव्य मंदिर है, यहाँ शिवरात्रि एवं सावन माह में श्रद्धालु लाखों संख्या में जल चढ़ाने आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ पर सरकारी बाजार एवं मेला लगता है लेकिन यहाँ पर मूलभूत एवं आधारभूत सुविधाओं का अभाव है जिसके कारण लोगों को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ऐतिहासिक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर क्षमता बढ़ाना

*1542. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सनहौला प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-मंडल टोला बथानी में 16 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है, जिसके कारण उक्त ग्रामीणों को पिछले चार वर्षों से लो वोल्टेज की परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार ट्रांसफॉर्मर की क्षमता कबतक बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*1543. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुढ़नी का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण परिसर में आवारा पशु घूमता रहता है जिससे इलाज कराने वाले मरीजों को काफी दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अस्पताल में परिवर्तित करना

*1544. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनों प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना वर्ष 1990 के पहले की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनों, प्रखण्ड की आबादी लगभग ढ़ाई लाख की है जिसके कारण उक्त स्वाथ्य केन्द्र में मरीजों के अधीक संख्या में आने से मरीजों को इलाज कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का रेफरल अस्पताल के रूप में परिवर्तित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*1545. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नौहट्टा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण मरीजों को चिकित्सा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है,यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करना

*1546. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित कोसी दियारा के बकुआ पंचायत के बकुआ गाँव में वित्तीय वर्ष 2007-08 में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी, परंतु अभीतक स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

महोत्सव कराना

*1547. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज प्रखंड अन्तर्गत सोमेश्वर महादेव मंदिर में सावन एवं अन्नत चतुर्दशी मेला में लाखों श्रद्धालु आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर महोत्सव कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापित करना

*1548. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखंड के जमुआ पंचायत के खमगड़ा एवं पियारी पंचायत के भजगामा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक नहीं रहने के कारण पिछले 10 वर्षों से बंद है, जिसके कारण रोगियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?,

------------

बेड की संख्या बढ़ाना

*1549. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित महारानी जानकी कुंवर अस्पताल, बेतिया सदर में आई०सी०यू० का उद्घाटन मई, 2016 मे तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा किया गया था, जिसमें मात्र चार बेड ही उपलब्ध हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि आई०सी०यू० में चार ही बेड रहने के कारण प्रतिदिन गंभीर रूप से बीमार दर्जनों मरीजों को पटना या अन्य अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है जो रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में आई०सी०यू० में बेडों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् सम्बन्धन कराना

*1550. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर सदर प्रखण्ड के पंचायत खुटहाँ के मझरिया, उपधियापुर, दुमरायकपुरा, नाट गाँवों के किसान कृषि कार्य के लिये विद्युत् हेतु सम्बन्धन कन्ज्यूमर बने हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में तार, पोल, ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर कृषि कार्य हेतु विद्युत् सम्बन्धन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुनर्वासित कराना

*1551. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुप्पी प्रखंड के सोनाखान एवं रामपुरकंठ बागमती नदी के कटाव से वर्ष 2003 में दर्जनों घर कटावग्रस्त होने के कारण पीड़ित परिवार विस्थापित हो गये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार सोनाखान एवं रामपुरकंठ के विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मशीन लगाना

*1552. श्री प्रहलाद यादव-क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार की राजधानी पटना के पी0एम0सी0एच0 एवं एन0एम0सी0एच0 के रक्त अधिकोष में नेट मशीन नहीं है, जबकि प्रदेश के सभी हिस्से के रोगी यहाँ आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इस नेट मशीन के नहीं रहने के कारण एच0आई0भी0, एच0बी0 एस0ए0जी0,एच0सी0भी0 रक्त से संबंधित जाँच के लिये मरीजों को दर-दर भटकना पड़ता है और समय पर रोगी का इलाज नहीं हो पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोगियों के हित में उक्त अस्पतालों में नेट मशीन लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य पूर्ण कराना

*1553. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनीहारी प्रखण्ड अन्तर्गत 1978 से बन रहा नवाबगंज में पावर सब-स्टेशन का कार्य कबतक अधूरा पड़ा है इसके लिये प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा प्रबन्ध निदेशक, विद्युत् विभाग को पत्रांक 144/17, दिनांक 22 सितम्बर, 2017 के माध्यम से उक्त पावर सब-स्टेशन को कार्यशील बनाने का अनुरोध भी किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन के अधूरे कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

टेªनिंग सेंटर खोलना

*1554. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड अधौरा पहाड़ी पर अवस्थित है एवं चैनपुर प्रखंड का अधिकांश भाग पहाड़ एवं पहाड़ के तलहटियों में अवस्थित है तथा इन प्रखंडों में पारा मेडिकल कॉलेज एवं ए०एन०एम० ट्रेनिंग सेंटर नहीं है जिससे यहाँ के छात्र-छात्राएँ तकनीकी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में ए०एन०एम० ट्रेनिंग सेंटर खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

योगदान कराना

*1555. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्रीमती मीना कुमारी, ए०एन०एम० 'प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र' मटिहाना, प्रखंड सोनो, जिला-जमुई में पदस्थापित थी, श्रीमती कुमारी के पूर्णियाँ जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहली नियुक्ति के समय अंकित जन्म तिथि 1 जनवरी, 1965 थी, इनकी सेवा पुस्तिका में दर्ज जन्म तिथि में छेड़छाड़ कर 31 दिसम्बर, 2014 को 10 वर्ष पूर्व ही सेवानिवृत्त कर दिया गया, जो न्यायसंगत नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना ने पत्रांक 3220, दिनांक 4 अगस्त, 2015 द्वारा इनकी जन्म तिथि 1 जनवरी, 1965 को सत्यापित कर अगस्त, 2015 को ही निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार को भेज दिया है, इसके बावजूद भी अभीतक विभाग द्वारा पुनः श्रीमती कुमारी को योगदान नहीं दिलाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ए०एन०एम० को पुनः कबतक योगदान कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

एम्बुलेंस प्रदान करना

*1556. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला का सबसे बड़ा प्रखंड कोचाधामन है;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोचाधामन का एम्बुलेंस खराब हो जाने के कारण अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हल्दीखोड़ा के एम्बुलेंस से वर्तमान में काम चलाया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोचाधामन में एक नया एम्बुलेंस प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि वापस करना

*1557. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, आरा से सटे अस्पताल की जमीन पर 30 वर्ष पूर्व मरीजों के लिये शौचालय का निर्माण कराया गया था, जिसका बाह्य व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर मरीजों से राशि वसूल कर शौचालय का उपयोग कराया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कर दोषी पर कार्रवाई करते हुये मरीजों से वसूली की गयी राशि वापस करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1558. श्री रामविलाश पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखंड अन्तर्गत पंचायत कुर्मा के ग्राम-चन्नों में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं, है, जबकि ग्राम-चन्नों की आबादी 3,000 है जिसमें अल्पसंख्यक एवं महादलित की आबादी अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के लोगों को इलाज कराने हेतु 10 कि०मी० दूर कहलगाँव जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि उपलब्ध कराना

*1559. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के लौरिया विधान सभा क्षेत्र में 2017 में भयंकर बाढ़ आयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विधान सभा के बाढ़ प्रभावित पंचायत गोनौली, डुमरा, बसवरिया, पराउटोला, साठी, धोवनी, धरमपुर, धमौरा, खजुरिया, बहुअरवा के लोगों को अभीतक बाढ़ राहत की राशि 6,000 रुपया मुहैया नहीं करायी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त पंचायत के लोगों के परिवार को प्रति परिवार 6,000 रु० की सहायता राशि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा राशि का भुगतान

*1560. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड में वर्ष 2017 के बाढ़ पीड़ित परिवार को 6,000 रु० प्रति परिवार मुआवजा देने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मीनापुर प्रखंड में 81,915 बाढ़ पीड़ित परिवार को चिह्नित किया गया, जिसमें सिर्फ 60,000 परिवार के आश्रितों को ही उक्त राशि भुगतान किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में शेष बचे हुये 21,915 परिवार के आश्रितों को 6,000 रुपये मुआवजा की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1561. श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड के विशुनपुर एवं रेगनियाँ में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र कार्यरत हैं, जिसका अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन नहीं रहने से मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित स्वास्थ्य उप-केन्द्रों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी कराना

*1562. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के गोबिन्दगंज प्रखंड स्थित मलाही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन 5 वर्षों से जर्जर है तथा चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मलाही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

राशि भेजना

*1563. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला प्रशासन, कटिहार के पत्रांक 1034/आ०प्र०, दिनांक 13 सितम्बर, 2017 द्वारा चौंसठ लाख छिहत्तर हजार तीन सौ एवं पत्रांक 1033/आ०प्र०, दिनांक 13 सितम्बर, 2017 द्वारा अड़तालीस लाख तीस हजार रुपये की अधियाचना विभाग को भेजी गई है, लेकिन अभीतक उक्त राशि जिला प्रशासन को उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण उक्त जिला में आपदा से हुई घटनाओं में मृतक के आश्रितों एवं अन्य लाभार्थियों को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिला के जिला प्रशासन को उक्त राशि भेजने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सहायता राशि देना

*1564. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत स्व० वीरेन्द्र प्रसाद, पिता-रामदास, ग्राम-रामशहर, स्व० संजय बिन्द, पिता-भदई बिन्द, ग्राम+पो०-सोहरा, स्व० भवर बिंद, ग्राम-सेमरिया, स्व० राधा देवी, पिता-योगेन्द्र प्रसाद, ग्राम-कुईयां, एकौना, स्व० रामभूवन राय, पिता-स्व० ब्रह्मदेव राय, ग्राम+पो०-बड़हरा की मृत्यु वर्ष 2016 में आयी बाढ़ से हुई थी, परंतु उक्त मृतक के आश्रितों को अभीतक सहायता राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को सहायता राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराना

*1565. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के गिसारा में राजकीय नलकूप वर्ष 1980 में लगाया गया है, परंतु उक्त नलकूप ट्रांसफॉर्मर एवं विद्युत् दोष के कारण आजतक चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गिसारा राजकीय नलकूप को ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराना एवं विद्युत् दोषों को दूरकर कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1566. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड में 30 बेड वाला रेफरल अस्पताल अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त रेफरल अस्पताल में चिकित्सकों का 24 पद स्वीकृत है, जिसमें सिर्फ 4 चिकित्सक ही अस्पताल में कार्यरत हैं, जिसके कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त रेफरल अस्पताल में स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1567. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखंड के सुखाशन पंचायत के बेलवाड़ी गंज गाँव, ठुठ्ठी बाग गाँव में विद्युतीकरण का कार्य अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में विद्युतीकरण का कार्य करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा राशि देना

*1568. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के धुमनगर पंचायत में श्री उमेश प्रसाद, पिता-बाबूलाल प्रसाद, ग्राम-सोफवा टोला का घर 3 जून, 2017 को हुई आगजनी के दौरान आग बुझाने के क्रम में गृह स्वामी की धर्मपत्नी का हाथ टूट गया तथा लाखों की सम्पत्ति जलकर राख हो गई है, परंतु पीड़ित परिवार को अभीतक मुआवजा की राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अग्नि पीड़ित परिवार को मुआवजा की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1569. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मेसापुर एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरहिया का भवन जर्जर एवं ध्वस्त हो गया है, जिसके कारण 20 हजार की आबादी को चिकित्सीय सुविधा नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् पोल हटाना

*1570. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के वृन्दावन कल्याणपुर पक्की सड़क में कल्याणपुर के पास 4 विद्युत् पोल सड़क के बीच अवस्थित है, जिससे बराबर दुर्घटनायें होती रहती हैं तथा जान-माल का खतरा का डर बना रहता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान के सड़क के बीच अवस्थित विद्युत् पोल को शीघ्र हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

मंदिर का जीर्णोद्धार

*1571. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड जलालपुर के किशुनपुर पंचायत के हरपुर में स्थित शिवालय मंदिर एवं माँझी प्रखण्ड के बरेजा ग्राम में स्थित पुराना शिवमंदिर है जहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं जो कि जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त शिवालयों के प्रांगण में स्थित सरोवर का चौतरफा घाट एवं मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

*1572. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के बनियापुर थाना के हंसराजपुर खुर्द में शुभम कुमार (उम्र 4 वर्ष), पिता श्री सुनिल माँझी, ग्राम-चाईपाली, पो०-भटकेशरी, थाना जलालपुर, जिला सारण का निधन एलटी तार के चपेट में आने से दिनांक 27 अक्तूबर, 2017 को हो गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि इस घटना से सम्बन्धित अभिलेख तैयार कराकर मृतक के परिजनों ने कनीय विद्युत् अभियंता, विद्युत् आपूर्ति शाखा, बनियापुर के कार्यालय में जमा किये हैं, तदनुसार कनीय अभियंता ने अपने पत्रांक 259, दिनांक 20 दिसम्बर, 2017 के द्वारा सहायक अभियंता के माध्यम से जिला आपूर्ति कार्यालय, छपरा को भेज दिया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक शुभम कुमार के पिता-श्री सुनील माँझी को 4 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

जर्जर तार बदलना

*1573. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखण्ड के पश्चिमी सरोत्तर एवं गोच्छी ग्राम में बिजली का तार विगत् 10 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव का जर्जर विद्युत् तार कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य शुरू कराना

*1574. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखण्ड के एन०एच० 28, से सटे झंझवा-पकड़ी में दिनांक 26 जनवरी, 2018 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवनिर्मित भवन में चिकित्सा का कार्य प्रारम्भ किया गया है; परन्तु अबतक स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित चिकित्सक, नर्स तथा अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति विभाग द्वारा नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में मानक के अनुरूप चिकित्सक नर्स एवं अन्य कर्मचारियों को पदस्थापित कर चिकित्सीय कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूरा करवाना

*1575. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2008-09, 2009-10, 2010-11 में विधायक योजना मद द्वारा अतरी बथानी तथा नीमचक बथानी प्रखण्ड में योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें एक तिहाई योजना लंबित है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन योजनाओं की कार्यकारी एजेंसी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल 2, शेरघाटी को बनाया गया है, जिसके पास लम्बित कार्यों की अवशेष राशि पड़ी हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच करवाकर लम्बित कार्यों को पूरा करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत् कनेक्शन देना

*1576. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर एवं कोटवा प्रखण्ड में अशोका बिल्डकॉम कम्पनी द्वारा ए०पी०एल० परिवारों को विद्युत् कनेक्शन देने का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2017-18 तक निर्धारित किया गया है, परन्तु कम्पनी द्वारा उक्त प्रखण्डों में सिर्फ 10 प्रतिशत ही ए०पी०एल० परिवारों को विद्युत् कनेक्शन देने का कार्य किया गया है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

----------

सौन्दर्यीकरण करना

*1577. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत भार्गव आश्रम, नारदाश्रम, याज्ञवल्य सरोवर अंजनी सरोवर एवं कंवलदेह सरोवर स्थित है, जिसका हजारों की संख्या में लोगों द्वारा परिक्रमा किया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सरोवर का सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1578. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत महनार में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सिपेज होने के कारण पानी छत से टपकता है और प्रसव कक्ष से जुड़े शौचालय का निर्माण भी नहीं कराया गया है जिससे मरीजों को कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, वैशाली के पत्रांक 1553, दिनांक 18 जुलाई, 2017 द्वारा प्रबंध निदेशक, बिहार भवन निर्माण निगम विभाग को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन की मरम्मती कराने तथा दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने हेतु पत्र लिखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की मरम्मती कराने एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डॉक्टर का पदस्थापन

*1579. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सिमरी प्रखंड के राजपुर पंचायत में 2001 से स्वास्थ्य उप-केन्द्र संचालित है, परन्तु उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर आजतक डॉक्टर का पदस्थापन नहीं होने से गरीब मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर डॉक्टर का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि देना

*1580. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत श्री कविन्द्र राय, पिता-श्री रामदेव राय, ग्राम-सेलास, प्रखंड-कोचस, नूरजहाँ बेगम, पति-मो0 अकबर अली, वार्ड नं0 4, कोचस एवं गोलू इद्रीसी, पिता-मो0 इब्राहिम खलीफा, वार्ड नं0 8 परसिंया, कोचस की मृत्यु सड़क दुर्घटना में दिनांक 25 जनवरी, 2018 को हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त मृतकों के आश्रितों को अभीतक सहायता की राशि नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के आश्रितों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ग्रिड बनाना

*1581. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगवाद जिलान्तर्गत नबीनगर में पावर ग्रिड नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नबीनगर से ग्रिड की दूरी 50-60 कि0मी0 होने के कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नबीनगर में ग्रिड बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

हॉस्पीटल खोलना

*1582. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 में सरकार द्वारा सीवान जिला के बड़हरिया थानान्तर्गत यमुनागढ़ में मल्टी स्पेशलिस्टी हॉस्पीटल खोलने का निर्णय लिया गया था, परन्तु अबतक इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार यमुनागढ़ में कबतक मल्टी स्पेशलिस्टी हॉस्पीटल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण कराना

*1583. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत रिविलगंज प्रखंड के कचनार पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का 10 वर्ष पूर्व निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1584. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड के महाबलीपुर बाजार एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है लेकिन उक्त बाजार में सरकारी चिकित्सीय सेवा एवं संरचना मौजूद नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ के आम लोगों को सामान्य चिकित्सीय सेवा के लिये भी काफी दूर पालीगंज प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है जिसके कारण आम लोगों को समय एवं आर्थिक क्षति होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महाबलीपुर बाजार में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराते हुये चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*1585. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनियाँ प्रखंड के वेलगंज का अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र भवन का जीर्णोद्धार शीघ्र कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*1586. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के रोहतास अनुमंडलीय अस्पताल की चहारदीवारी विगत 10 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण असामाजिक तत्वों एवं जानवरों का कैम्पस में प्रवेश होता रहता है जिसके कारण इलाज के क्रम मे चिकित्सकों, कर्मियों एवं रोगियों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल की चहारदीवारी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाभ दिलाना

*1587. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखंड के दरपा पंचायत के ग्राम-पिपरा में मो0 कलाम मंसूरी, उम्र 50 वर्ष, पिता-स्व0 गफ्फार मंसूरी की मृत्यु 10 माह पूर्व में अचानक आग लग जाने के कारण घटना घटित हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतनी लम्बी अवधि बीत जाने के बावजूद भी उक्त आश्रित परिवार को अभीतक पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण सरकारी योजना से वंचित रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के मृतक के आश्रित परिवार को सरकारी लाभ दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त करना

*1588. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया प्रखंड के झंझवा, पकड़ी में जिला परिषद् की जमीन पर एन0 एच0 28 से सटे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विगत 26 जनवरी, 2018 से क्रियाशील हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के उत्तरी मुख्य द्वार पर एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण मरीजों को अस्पताल आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के मुख्य द्वार से अतिक्रमणमुक्त करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जनसंख्या पर नियंत्रण

*1589. श्री नीतिन नवीन--दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 10 अक्टूबर, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''बिहार की जनसंख्या वृद्धि में 2016 में तेजी का रुझान'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 2015 की तुलना में वर्ष 2017 में जन्म दर 26.3 से बढ़कर 26.8 हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार जनसंख्या नियंत्रण हेतु कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्वासित करना

*1590. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के किसनपुर एवं सरायगढ़, भपटियाही अंचल के सैंकड़ों परिवारों का घर कोसी नदी से कट जाने के कारण विस्थापित होकर वर्ष 2010 से आजतक वसो वास की जमीन के अभाव में नहर, बाँध पर रह रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अंचल के बाढ़ कटाव पीड़ित विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यान्वयन कराना

*1591. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत अतरी विधान सभा क्षेत्र के अतरी, नीमचक बथानी, मोहड़ा एवं खिजरसराय प्रखंडों में वित्तीय वर्ष 2017-18 में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत विधायक योजना मद में अनुशंसित योजना के कार्यान्वयन हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा पत्रांक 06, दिनांक 14 अक्टूबर, 2017 से कार्यपालक अभियंता को पत्र प्रेषित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन महीना समय बीतने के बावजूद भी अभीतक योजनाओं का कार्यान्वयन नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत अनुशंसित योजनाओं का कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केन्द्र का निर्माण

*1592. डॉ0 राजेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के बथना पंचायत के प्रधुवन छपरा, वार्ड नं0 2 में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के लिये 2 कट्ठा जमीन 10 वर्ष पूर्व निबंधित किया गया है, परन्तु उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण अभीतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नवीनीकरण कराना

*1593. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के बायसी विद्युत् उप-केन्द्र से चरैया तक जाने वाली 11 हजार वोल्ट का तार एवं पोल का नवीनीकरण वित्तीय वर्ष 2016-17 में किया गया है जबकि हिजला से प्रमुख चौक तक 1 कि0 मी0 तक विद्युत् तार एवं पोल नया नहीं लगाया गया है जिसके कारण उक्त स्थान पर पुराने बांस के खम्भे के सहारे 11 हजार वोल्ट के जर्जर तार से विद्युत् आपूर्ति हो रही है जिसके कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार हिजला से प्रमुख चौक तक विद्युत् तार एवं पोल का नवीनीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-केन्द्र खोलना

*1594. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सिमरी प्रखंड के नियाजीपुर पंचायत के लाल सिंह डेरा के टोला में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं होने के कारण मरीजों को 8 (आठ) कि0 मी0 की दूरी तयकर स्वास्थ्य केन्द्र, सेमरी जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार लाल सिंह डेरा के टोला के पास स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 16 मार्च, 2018 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 117-डी0टी0पी0-550